/4–लेन/6–लेन का बनाने आदि) अनुरक्षण प्रबंध और प्रचलन के लोक उपयोग के लिये वह भूमि का अर्जन किया जाना है, जिसका मुआवजा उप पंजीयक धौलपुर द्वारा उपलब्ध कराई गई उक्त गांव की प्रचलित डी.एल.सी. दर के अनुसार सक्षम भूमि अपाप्ति अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1996 एवं RFCTLAR 2013 के प्रावधानों के अनुसार तय किया है। उक्त **ग्राम बिचपुरी** के खसरा नम्बरान की भूमि अवाप्ति की गई उनका सक्षम भूमि अवाप्ति अधिकारी द्वारा अधिनिर्णय **दिनांक 29.11.2024** को पारित किया गया है, व अधिसूचना दिनांक 07.12.2023 धारा 3ए के समय प्रचलित **बिचपुरी** क्षेत्र की डी.एल.सी. दर के हिसाब से निर्धारित किया गया है। उप पंजीयक महोदय द्वारा जिस ग्राम की भूमि की जो डी.एल.सी. सूची उपलब्ध कराई गई थी उसी के अनुसार उक्त ग्रामों की भूमि की दर निर्धारित की गई है। आवेदकगण द्वारा उनकी गांव की भूमि का रेट 10 लाख रूपये प्रति बीघा बताने के संबंध में कोई प्रमाण पेश नही किया गया। सक्षम भूमि अवाप्ति अधिकारी द्वारा जो अवार्ड दिनांक 29.11.2024 को पारित किया गया है वह संबंधित क्षेत्र की डी.एल.सी. दर के हिसाब से किया गया है। सक्षम अवाप्ति अधिकारी द्वारा भूमि के बाजार मूल्य के निर्धारण हेतु नियमानुसार प्रक्रिया विधि का पालन करते हुये भूमि के बाजार मूल्य के निर्धारण किया गया है। प्रार्थीगण द्वारा संबधित क्षेत्र का कोई भी बयनामा जिसे सक्षम भूमि अवाप्ति अधिकारी के समक्ष पेश नहीं किया है जिससे यह साबित होता हो कि उक्त क्षेत्र ग्राम **बिचपुरी** की बाजार दर 10 लाख रूपये प्रति बीघा है। सन 2016–17 से, 2017–18 में और 2020–21 से 2021–22 में गाईडलाइन को घटाने का कार्य राज्य सरकार और संबंधित विभागों द्वारा किया गया है, इसमें रेस्पोडेंट भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की कोई भूमिका नहीं है। सन 2016–17 से बाद के कुछ वर्षों में गाईडलाइन को घटा देना और सन 2018–19 से 2024–25 तक 9 वर्षों में गाईउलाइन के केवल **21024** वृद्धि करने का कार्य राज्य सरकार एवं सबंधित विभाग का है इसमें रेस्पोडेंट भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की कोई भूमिका नहीं है। 9 वर्षो में केवल **21,000**/–रूपये बढाये गये औसतन 2000/–रूपये प्रतिवर्ष प्रति हेक्टेयर की दर से वृद्धि करने का कार्य राज्य सरकार एवं सबंधित विभाग का है इसमें रेस्पोडेंट भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की कोई भूमिका नहीं है। आवेदक द्वारा अपने आवेदन में बताया गया कि 2016–17 में उनके गांव की कीमत 4 से 5 लाख रूपये प्रति बीघा से कम नहीं थी और प्रत्येक वर्ष 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि की दर से 9 वर्षो में 23–24 में बढकर 9 से 10 लाख रूपये प्रति बीघा हो जाती है, इस सम्बध में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को कुछ नहीं कहना है कि जमीन की दर प्रतिवर्ष किस दर से बढती है। पास के गांव की रजिस्ट्रियों को गणना में लेने एवं पास के गांव मछिया, कंचनपुर पहाडी आदि की गाईडलाइन 11 से 13 लाख प्रति हैक्टेयर की गाईडलाइन को गणना में लेकर राजमार्ग प्राधिकरण कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकता। गांव में कैम्प लगाकर बाजार मूल्य की जानकारी लेने का कार्य सक्षम अधिकारी एवं सबंधित विभाग का है, उनके कार्य में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकता। आवेदकगण द्वारा इस पैरा में लेख किया है कि यह परियोजना ग्वालियर से आगरा तक है और आगरा में एक करोड रूपये प्रति हैक्टैयर की दर से मुआवजा बनाया और



जिला कलक्टर, धौलपु

